दिन— शनिवार दिनांक— 22 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. दरभंगा की एमपी—एमएलए अदालत ने अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को आपराधिक मामले में तीन महीने कारावास की सजा सुनाई।

02. भाजपा सांसद संबित पात्रा ने केन्द्रीय बजट में बिहार को मिले विशेष महत्व पर इंडी गठबंधन की आलोचना को राजनीति से प्रेरित बताया।

03. राज्य में अब जन वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं की ई—केवाईसी चेहरे के सत्यापन से भी होगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज गया और नवादा समेत राज्य के पूर्वी भाग में वज्रपात के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————

दरभंगा की एमपी—एमएलए अदालत ने अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव और एक अन्य अभियुक्त को आपराधिक मामले में दोषी करार दिया है। न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य ने दोषियों को तीन—तीन महीने कारावास और पांच—पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इनके विरुद्ध मारपीट करने और रुपये छीनने के आरोप में वर्ष दो हजार उन्नीस में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी। इधर, अररिया की एक अदालत ने दहेज हत्या के मामले में दोषी उर्मिला देवी को आजीवन कारावास और साठ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने केन्द्रीय बजट में बिहार को मिले विशेष महत्व पर इंडी गठबंधन की आलोचना को राजनीति से प्रेरित बताया है। मुजफ्फरपुर में बजट संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुये श्री पात्रा ने कहा कि इसका जवाब बिहार की जनता देगी।

———बाईट———

श्री पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के महत्व को समझते हुये बजट में राज्य को विशेष स्थान दिया है।

———बाईट———

———————————————————————

पटना स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, आई सी ए आर— आर सी ई आर आज अपना पच्चीसवां स्थापना दिवस मना रहा है।

आज आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के साथ ही बीस फरवरी से चल रहे रजत जयंती समारोह का समापन हो जाएगा। निदेशक डॉक्टर अनूप दास ने बताया कि आज संस्थान की उपलब्धि, तकनीक और नवाचार पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया जायेगा। इसके अलावा विधायक संजीव चौरसिया संस्थान परिसर में रजत जयंती पार्क का उद्‌घाटन करेंगे। स्थापना दिवस पर संस्थान के सर्वश्रेष्ठ कर्मियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

———————————————————————

पूसा कृषि विज्ञान मेला दो हजार पच्चीस आज नई दिल्ली में आयोजित होगा। मेले का उद्‌घाटन केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। तीन दिन के मेले का विषय उन्नत कृषि–विकसित भारत है। कृषि विज्ञान मेले का मुख्य आकर्षण भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की विकसित नई किस्मों और प्रौद्योगिकियों का सजीव प्रदर्शन है। इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्रों, किसान उत्पादक संगठनों, उद्यमियों और स्टार्ट–अप की आशाजनक प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं पर प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी।

———————————————————————

राज्य में अब जन वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं की इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी चेहरे के सत्यापन से भी होगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इससे संबंधित आदेश सभी जिलाधिकारियों को निर्गत कर दिया है। विभाग के अपर सचिव उपेंद्र कुमार ने बताया कि अंगूठे या आंख की पुतली से ई केवाईसी नहीं हो पाने की शिकायतों के बाद नई व्यवस्था लागू की गयी है। उन्होंने बताया कि लोग अब गूगल प्ले स्टोर से मेरा ई केवाईसी एप डाउनलोड कर फेसियल ई केवाईसी कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि ईकेवाईसी या फेसियल ईकेवाईसी कराने की अंतिम तिथि इकतीस मार्च निर्धारित है। राज्य में अब तक एक करोड़ सत्तासी लाख से अधिक उपभोक्ताओं का ई केवाईसी नहीं हो पाया है।

———————————————————————

राज्य में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत उपलब्ध सेवाओं के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए दस मार्च से उनतीस मार्च तक मिशन परिवार विकास अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत दस से सोलह मार्च तक दंपती संपर्क सप्ताह तथा सत्रह से उनतीस मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा मनेगा।

———————————————————————

जल संसाधन विभाग में पचास करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की निगरानी अब मुख्यालय स्तर से ही होगी। वहीं, पचास करोड़ रुपये से कम की परियोजनाओं की निगरानी और प्रगति की समीक्षा मुख्य अभियंता के स्तर पर होगी। मुख्य सचिव स्तर पर हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

————————————————————

मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने कहा है कि फरवरी महीने के अंत तक ऑडिट रिपोर्ट जमा नहीं करने वाले एनजीओ सहित विभिन्न प्रकार की निबंधित संस्थाओं का निबंधन रद्द होगा। विभागीय आयुक्त रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह से पहले निबंधित ऐसी संस्थाओं को अट्ठाईस फरवरी तक ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट जमा करनी है।

————————————————————

पटना हाईकोर्ट को पांच नए न्यायाधीश मिलेंगे। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पटना हाईकोर्ट के लिए न्यायाधीश के रूप में अधिवक्ता आलोक कुमार सिन्हा, रितेश कुमार, सोनी श्रीवास्तव, सौरेन्द्र पांडेय और अंशुल राज के नाम को मंजूरी प्रदान की है।

————————————————————

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का शताब्दी समारोह चौबीस और पच्चीस फरवरी को मनाया जायेगा। इससे पूर्व कल जे.पी. गंगा पथ पर प्रतीकात्मक शताब्दी दौड़ का आयोजन होगा। इसमें पीएमसीएच के एक हजार चार सौ से अधिक पूर्ववर्ती छात्र भाग लेंगे। शताब्दी समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ए.ए. हई ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

————————————————————

राज्य के मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि आज गया और नवादा समेत राज्य के पूर्वी भाग में वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

इधर, प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी में सबसे अधिक इकतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। पटना समेत अन्य जिलों में भी तापमान तीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया गया।

————————————————————

मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के पांचवें दिन कल कदाचार के आरोप में तीन परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। इनमें रोहतास, गया और जहानाबाद जिले के एक–एक परीक्षार्थी शामिल हैं। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे दस फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा गया।

————————————————————

राज्य के सरकारी विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षा का आयोजन दस मार्च से होगा। राज्य शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण परिषद ने परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा उन्नीस मार्च तक चलेगी।

————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा नियोजित शिक्षकों के लिए तृतीय चरण की सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। आवेदन की अंतिम तिथि बारह मार्च निर्धारित है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा का आयोजन मई महीने में सम्भावित है।

————————————————————

पारू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मिथिलेश यादव का कल निधन हो गया। तबीयत खराब होने के बाद उन्हें हाजीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

————————————————————

मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दो बच्चों में चमकी बुखार, एईएस की पुष्टि हुई है। ये बच्चे पारू और कुढ़नी प्रखंड के हैं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एईएस को लेकर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये गये हैं।

————————————————————

चेन्नई में आयोजित तेईसवें राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये दस पदक जीते हैं। इनमें दो स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक शामिल है।

————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने सिपाही बहाली के नाम पर लोगों से चौवालीस लाख रूपये ठगी करने के मामले में बी–सैप के सिपाही सचिन कुमार पासवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————

पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत में प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के सदस्य बिहारी पासवान के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। एनआईए ने दावा किया है कि उत्तर बिहार में नक्सली गतिविधियों में बिहारी पासवान की प्रमुख भूमिका रही है।

———————————————————————

पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेढ़ना गांव के पास एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————

दरभंगा जिले के मनीगाछी थाना क्षेत्र के भंडारीसम पंचायत स्थित वानेश्वरी भगवती मंदिर से चोरों ने सोने के मुकुट समेत आठ लाख रूपये जेवरात चुरा लिये।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सीएम ने पटना में चौदह सौ करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया। कहा– कोईलवर से मोकामा तक गंगा पथ का विस्तार होगा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– लैंड फॉर जॉब केस में लालू और अन्य पर संज्ञान लेने के मामले में फैसला पच्चीस फरवरी को।

प्रभात खबर लिखता है– दो हजार छब्बीस से बदल जायेगा बीएड का प्रारूप और पाठ्यक्रम।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– महाकुम्भ से पटना लौट रही कार खड़े कंटेनर में घुसी, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत।

आज अखबार ने लिखा है– सुपौल फैमिली कोर्ट में हाजिर हुये उदित नारायण।

राष्ट्रीय सहारा की प्रमुख खबर है– काश पटेल बने एफबीआई के निदेशक।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. दरभंगा की एमपी–एमएलए अदालत ने अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को आपराधिक मामले में तीन महीने कारावास की सजा सुनाई।

02. भाजपा सांसद संबित पात्रा ने केन्द्रीय बजट में बिहार को मिले विशेष महत्व पर इंडी गठबंधन की आलोचना को राजनीति से प्रेरित बताया।

03. राज्य में अब जन वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं की ई–केवाईसी चेहरे के सत्यापन से भी होगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज गया और नवादा समेत राज्य के पूर्वी भाग में वज्रपात के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।